आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 16.01.2025

मुख्य समाचारः—

1— केन्द्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की।

2— भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया जारी—कल होगी घोषणा।

3— सीजीपीएससी घोटाला मामले में सीबीआई ने आज रायपुर के विशेष कोर्ट में चार सौ पन्नों का चालान पेश किया।

4— दक्षिण बस्तर के जंगलों में इस समय जारी है सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़—बीजापुर जिले में आईईडी की चपेट में आने से दो जवान हुए घायल।

वेतन आयोग—गठन

केन्द्र सरकार ने आज केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी।

मंत्रिमंडल फैसला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने स्पेस सेक्टर को लेकर बड़ा फैसला लिया है। वर्ष दो हजार चालीस तक भारत के चांद पर पहुंचने के लक्ष्य में तीसरे लांच पैड की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि तीन हजार नौ सौ पचासी करोड़ रूपये की लागत से तीसरे लांच पैड को मंजूरी दी गई है।

इस बीच, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन—इसरो ने आज स्पेडेक्स मिशन के तहत दो उपग्रहों की डॉकिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। इसरो द्वारा स्वदेश में विकसित भारतीय डॉकिंग प्रणाली की सफलता के बाद भारत अमरीका, रूस और चीन के बाद इस प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाला चौथा देश बन गया है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर इसरो की पूरी टीम और देशवासियों को बधाई दी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष—घोषणा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। इस समय नामांकन भरने का सिलसिला चल रहा है। पार्टी की ओर से निर्वाचन के प्रभारी खूबचंद पारख ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा कल सत्रह जनवरी को की जाएगी।

सीजीपीएससी मामला—सीबीआई चालान

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग—सीजीपीएससी घोटाला मामले में सीबीआई ने आज रायपुर के विशेष कोर्ट में चार सौ पन्नों का चालान पेश किया। सूत्रों के मुताबिक चालान में सीजीपीएससी के तत्कालीन चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी, बजरंग पावर के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल और उनके परिवार के सदस्यों को मुख्य आरोपी बनाया गया है। टामन सोनवानी के भतीजे नितेश सोनवानी और साहिल सोनवानी, श्रवण कुमार गोयल के बेटे शशांक गोयल

और बहू भूमिका कटियार पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा तत्कालीन डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गणवीर के खिलाफ भी चालान पेश किया गया है। इस मामले में सीबीआई ने आरोप लगाया है कि सभी आरोपियों ने मिलकर सीजीपीएससी भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया में धांधली की और चयन प्रक्रिया को प्रभावित किया। साथ ही परीक्षा में हेरफेर करने के लिए रूपयों का भी लेन–देन किया। सभी आरोपियों को तीस जनवरी तक न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई तीस जनवरी को होगी।

<u>मुख्यमंत्री–हेलमेट अपील</u>

प्रदेश में मनाए जा रहें छत्तीसवें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में आयोजित बाईक रैली में शामिल हुए और उन्होंने प्रदेशवासियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्थाओं ने नुक्कड़–नाटकों के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने से होने वाले फायदों के बारे में लोगों को जागरूक किया।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह इकतीस जनवरी तक मनाया जाएगा।

<u>मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार उन्नीस जनवरी को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ अट्ठारहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर – एक आठ शून्य शून्य – एक एक – सात आठ शून्य शून्य (1800–11–7800) पर भेजे जा सकते हैं। श्रोता, नरेन्द्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी अपने विचार भेज सकते हैं। इस कड़ी के लिए कल सत्रह जनवरी तक सुझाव स्वीकार किए जाएंगे।?

<u>माओवादी समाचार</u>

बीजापुर जिले में इस समय सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण बस्तर के जंगलों में बड़ी संख्या में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी, तभी माओवादियों के साथ उनकी मुठभेड़ हो गई। यह मुठभेड़ पुजारी कांकेर और मारूड़बाका के बीच चल रही है। सूत्रों के अनुसार इस मुठभेड़ में अब तक दो माओवादी मारे गए हैं। मरने वाले माओवादियों की संख्या बढ़ सकती है। हालांकि, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

इस बीच, बीजापुर जिले में ही आज माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से कोबरा बटालियन के दो जवान घायल हो गए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र के पुतकेल से सीआरपीएफ और कोबरा की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इसी दौरान दो जवान आईईडी की चपेट में आ गए। घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए रायपुर लाया गया है। दोनों जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

वहीं, कोंडागांव जिले में आज पांच लाख रूपये के एक इनामी माओवादी ने आत्मसमर्पण किया है। इस माओवादी पर कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न मुठभेड़ो में शामिल रहने का आरोप है।

महाकुंभ–छत्तीसगढ़ पवेलियन

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ से संबंधित कुछ खबरें–

प्रयागराज महाकुंभ में छत्तीसगढ़ के स्थानीय लोगों के लिए राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ पवेलियन बनाया गया है। यह पवेलियन महाकुंभ मेला के सेक्टर–छह में बघाड़ा थाना मेला के पास स्थित है। इस पवेलियन में स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देते हुए लोगों के लिए निःशुल्क ठहरने और भोजन की भी व्यवस्था की गई है। प्रदेश के श्रद्धालु, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के रास्ते दारागंज होते हुए पुराना लोहे का यमुना ब्रिज क्रॉस करके यहां पहुंच सकते हैं।

इस बीच, महाकुंभ मेले के दौरान रेल यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा दुर्ग–कटनी के बीच दो जोड़ी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही हैं। ये ट्रेन रायपुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया,न्यू कटनी जंक्शन से चलाई जा रही है। दुर्ग–कटनी–दुर्ग स्पेशल ट्रेन इकतीस जनवरी, पांच और अट्‌ठाईस फरवरी को दुर्ग से रवाना होगी। इस गाड़ी में चार सामान्य कोच, चौदह स्लीपर कोच, दो एसी कोच सहित बाईस कोच की सुविधा रहेगी।

आटो एक्सपो–उद्‌घाटन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में आटो एक्सपो का उद्‌घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल भी राज्य सरकार ने आटो एक्सपो में बिकने वाले वाहनों के लाइफ टाइम रोड टैक्स पर एकमुश्त पचास प्रतिशत की छूट दिए जाने का निर्णय लिया है।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी उपस्थित थे।

ठगी–आरोपी गिरफ्तार

सक्ती जिले की बाराद्वार पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर लाखों रूपये की धोखाधड़ी करने वाले सुशील सुमन नामक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले का रहने वाला यह आरोपी अपने आपको लोन ऑफिसर बताकर ठगी करता था। इस मामले में पुलिस, पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इन आरोपियों ने जांजगीर–चाम्पा और सक्ती जिले के करीब डेढ़ सौ लोगों के साथ ठगी की है। ठगी की शिकायत जैजैपुर थाने में सलनी गांव के एक निवासी ने दर्ज कराई थी।

मौसम

एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र पर विस्तारित है। वहीं, ऊपरी हवा का एक चक्रीय चक्रवाती घेरा हरियाणा के ऊपर बना हुआ है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि इसके असर से प्रदेश के न्यूनतम तापमान में कमी आने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

– राज्यपाल और कुलाधिपति रमेन डेका ने प्रोफेसर डॉक्टर रवि रत्न सक्सेना को दुर्ग जिले के पाटन स्थित महात्मा गांधी उद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है। डॉक्टर सक्सेना वर्तमान में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में एसोसिएट निदेशक अनुसंधान हैं।

– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कबीरधाम जिले के प्रथम महिला थाने का उद्‌घाटन किया।

– भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए इच्छुक आवेदकों से सत्ताईस जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

– पंद्रह जनवरी को स्थगित यूजीसी नेट परीक्षा अब इक्कीस और सत्ताईस जनवरी को होगी। अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

– बच्चों में रोग–प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में दो हजार पांच सौ से अधिक बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>